बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 03/02–भू0अ0नि0(आरोप)जमुई–13/2023 2629 पटना, दिनांक:-3/4/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक 10 दिनांक 05.01.2023 द्वारा सुश्री नीली प्रिया, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01729) के विरूद्ध दिनांक 18.07.2022 से लगातार कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहने, अनुपस्थिति के संबंध में शिविर प्रभारी द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण का अनुपालन नहीं करने एवं कार्य बाधित करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए चयन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1322 दिनांक 07.02.2023 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण एक महीने की लम्बी अवधि के बाद भी समर्पित नहीं किया गया है। जबकि स्पष्टीकरण का तामिला आरोपित द्वारा नियोजन के समय दिए गए ई–मेल आई0डी0 nilipriya32@gmail.com पर कराया गया है। स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया जाना वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता का द्योतक है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन/अनुशंसा का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत पाया गया कि आरोपित लम्बी अवधि से कर्त्तव्य से अनुपस्थित हैं। इनकी अनुपस्थिति के कारण विशेष सर्वेक्षण जैसा समयबद्ध महत्वपूर्ण कार्य बाधित हुआ है। निदेशालय स्तर से भी पूछे गए स्पष्टीकरण का जबाब नहीं दिया जाना इनपर लगाये गये आरोप को प्रमाणित करता है।

विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए ही विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का नियोजन किया गया है। आरोपित के अनुपस्थित रहने से सरकार के इतने महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्यक्रम बाधित हुआ है। अतएव ऐसे कर्मियों के सेवा में रहने से अन्य कर्मियों पर इसके पड़ने वाले कुप्रभाव के दृष्टिगत इनका संविदा नियोजन समाप्त किया जाना ही औचित्यपूर्ण है।

अतः **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम – 8(4)"** के आलोक में सुश्री नीली प्रिया, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01729) का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 3/4/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/02–भू0अ0नि0(आरोप)जमुई–13/2023 2629 पटना, दिनांक :-3/4/2023

प्रतिलिपि :– सुश्री नीली प्रिया, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01729), बंदोबस्त कार्यालय, जमुई को सूचनार्थ प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0(आरोप)जमुई–13 / 2023 2629 पटना, दिनांक :– 3/4/2023
प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, जमुई को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
3/4/23

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0(आरोप)जमुई–13 / 2023 2629 पटना, दिनांक :– 3/4/2023
प्रतिलिपि :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय आदेश संख्या 1250 दिनांक 30.01.2023 के अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
3/4/23